**खबर संक्षेप**

### सोहागपुर पुलिस ने की आर्म्स एक्ट के तहत की कार्यवाही

**शहडोल।** थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत 22 जनवरी को मुखबिर सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम ढापटोला में धारदार बका लेकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर आरोपी विजय कुमार कोल पिता सुखराम कोल उम्र 24 वर्ष निवासी हॉल पथरिया टोला सोहागपुर को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का बका मिला जिसे जप्त कर उक्त आरोपीं के विरूद्ध 25बी आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक मनोज शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### देवलोंद पुलिस ने की आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

**शहडोल।** देवलोंद थान ाक्षेत्रांतर्गत 22 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम अम्बार में दबिश देकर आरोपी राम सिंह पाल पिता श्यामलाल निवासी अम्बार के कब्जे से 50 पाव देशी शराब एवं 08 पाव अंग्रेजी शराब कुल कीमती 4,700 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विश्वनाथ सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर की शिकायत, लाभ से हो रहे वंचित**

# सर्वे सूची बनाने वाले अमले को नहीं दिखे सैकड़ों बैगा परिवार

सरकारी अमले की मनमानियों के कारण बैगा बहुल एक गांव आज भी बैगा विशेष योजनाओं से वंचित है। इसके सैकड़ों पर परिवार पीएम जनमन योजना से भी वंचित होने वाले हैं क्योंकि सूची में इन्हे शामिल नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।



**शहडोल।** गोहपारू तहसील अंतर्गत स्थित बैगा बहुल ग्राम देवरी नंबर 2 आज भी शासन के विशेष प्रावधानों व योजनाओं से वंचित है। स्थानीय अमले की गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली के कारण आज भी सैकड़ों बैगा परिवार सुविधाओं से वंचित हैं। सर्वे सूची तैयार होने और प्रस्तुत किए जाने के बाद भी उसका क्रियान्वयन नहीं किया गया। वर्तमान में पीएम जनमन योजना के दायरे से भी यह परिवार बाहर है। इस संबंध मे देवरी नंबर 2 के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए इस आशय की मांग की है कि योजना की प्रक्रिया में उन्हे शामिल कर पीव्हीटीजी बैगा बसाहटों के अनुरूप उन्हे भी लाभ दिलाया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि इस योजना के लिए देवरी 2 का नाम शामिल नही किया गया है। पूर्व में भी ऐसा हो चुका है।

#### योजना से वंचित हो सकते हैं

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पीव्हीटीजी बैगा ग्राम/बसाहटों में शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए विशेष बैगा जनजाति के हितग्राहियों को लाभ दिया जाना उल्लेखित है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व संबंधित तहसीलदार अपने क्षेत्र अंतर्गत शत-प्रतिशत बैगा हितग्राहियों को तालिका में चिन्हांकित कर दर्शित करेंगे। बैगा बसाहटों ग्रामों को शासन की योजनाओं का लाभ समयावधि में दिये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। लेकिन इस प्रक्रिया में बैगा बहुल ग्राम पंचायत देवरी नंबर 2 का नाम सूची मे नहीं जोड़ा गया है। जिस कारण हमारे ग्रामवासी लगभग 500 से 600 बैगा परिवार को पीएम जनमन योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ से वंचित होना पड़ेगा।

#### दो वर्ष पूर्व भी की सूची शामिल

बैगा फरियादियों ने ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि ग्राम पंचायत देवरी नंबर-2 जनपद/तहसील गोहपारू के अंतर्गत लगभग 500 से 600 बैगा परिवार निवासरत हैं। देवरी नंबर 2 को बैगा विकास अभिकरण में बैगा बाहुल्य ग्राम घोषित/चिन्हित कराये जाने के लिए कई वर्षो पूर्व तत्कालीन सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत देवरी नंबर 2 द्वारा सर्वे सूची तैयार कराकर प्रस्तुत की जा चुकी है। किन्तु बैगा गांव घोषित व चिन्हित अब तक नहीं हुआ है, जिससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से बैगा जनजाति के लोगों वंचित हो रहे हैं।

#### नया सर्वे और सीमांकन होना जरूरी

ग्रामीणों का कहना था कि नवीन सर्वे कराया जाकर बैगा चिन्हित/घोषित करान अनिवार्य है। साथ ही यह भी निवदेन किया कि हमारे गांव में हलका पटवारी नक्शाशीट, राजस्व सरहदी, बन्दोबस्ती सीमा चिन्हों (गुगल मैप) की सही मैपिंग नहीं होने से सीमांकन दौरान अनावश्यक वाद-विवाद व किसानों के बीच सदैव लड़ाई-झगड़ा की स्थिति बनी रहती है। जिसे नये सिरे से पटवारी हलका नक्शा प्लाट के राजस्व सीमा चिन्हों का जरीब चैन से मिलान करवाया जाकर तथा गुगल मैप को पुनः मैपिंग पत्थरगड़ी कराये जाने की आवश्यकता है। ताकि अनावश्यक मुकदमेंबाजी से बचा जा सके। समस्त बैगा ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत देवरी नंबर 2 जनपद पंचायत गोहपारू को अन्य ग्रामों की भांति बैगा बाहुल्य ग्राम चिन्हित/घोषित कराया जाये। ताकि शासन की योजनाओं से विशेष बैगा जनजाति वंचित न रह सके।

## श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में मानपुर में कलश यात्रा निकालकर हुआ आयोजन

**मानपुर।** नगर परिषद मुख्यालय में श्रीराम लला जी के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 22 जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली गई,रथ में विराजमान राम लक्ष्मण सीता एवं हनुमान जी की जगह-जगह पूजा की गई, यह कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ श्री राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी की झांकी सजाकर जय श्रीराम का जय घोष लगाते हुए प्रारम्भ कर बस स्टैंड होते हुए हॉस्पिटल के सामने से पूरे मार्केट का भ्रमण कर राम मन्दिर में समापन किया गया। महिलाओं के द्वारा कलश लेकर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम भगवान के प्राण-प्रतिष्ठा में सभी लोग भगवा वस्त्र पहनकर तिलक लगाएं हुए थे, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे नाचते -गाते हुए श्रीराम के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ते



रहे, जिससे पूरा नगर श्रीराम के भक्ति में गुंजायमान हो गया। कलश लेकर निकाली गई शोभा यात्रा को देखकर लग रहा था कि यह मानपुर नगर नहीं बल्कि श्रीराम जी की जन्मभूमि अयोध्या नगरी है। श्री राम जानकी मंदिर परिसर पहुंच कर सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई, जगह-जगह मन्दिरों में रामायण कीर्तन, भजन करते हुए भण्डारे का आयोजन किया गया। मानपुर के कई व्यापारियों ने भण्डारे का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी रामभक्तों ने भारी संख्या में प्रसाद ग्रहण किए है। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से एसडीएम कमलेश पुरी, तहसीलदार कन्हैयालाल, थाना प्रभारी शरद खंपरिया, समाजसेवी हरीश विश्वकर्मा, रामगरीब गुप्ता, राजेंन्द्र प्रसाद गुप्ता, नरेश गुप्ता, लालू गुप्ता, मोनू विश्वकर्मा, राजेश गुप्ता, विमल गुप्ता, सीमा गुप्ता, क्रांति गुप्ता, पुष्पलता गुप्ता, अंजली गुप्ता, रिंकी गुप्ता, रुचि गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, कान्हा गुप्ता, महक गुप्ता, गुल्लू गुप्ता, बिनय चतुर्वेदी, पंकज चतुर्वेदी, सन्तोष गुप्ता आदि हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थिति होकर इस शोभायात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाया है।

## कुएं में मिला तेंदुए का शव

**उमरिया।** जिले के वन मंडल घुनघुटी वन परिक्षेत्र के ग्राम ओढ़ेरा में एक तेंदुए का शव पाया गया है। तेंदुए का शव एक कुएं में पाया गया है। इस बारे में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कुंए के अंदर एक बोरे में भरा हुआ तेंदुए का शव होने की जानकारी सामने आई थी। इस मामले में यह जानकारी भी सामने आ रही है कि शव लगभग 15 दिन पुराना है और कुएं में तेंदुए के शव होने की जानकारी भी वन विभाग के अधिकारियों को 15 दिन पहले मिल गई थी। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। संभवतः तेंदुए के शव को सड़ जाने की प्रतीक्षा की जा रही थी। कुएं में तेंदुए का शव होने की जानकारी वन विभाग को ग्रामीणों ने दी थी। जिसके बाद वन अमले ने विभाग के उच्च अधिकारियों को इस बारे में बताया। बताया जाता है कि जिन परिस्थितियों में मादा तेंदुए का शव कुंए मे मिला है, उससे साफ है कि ये पूरी कारस्थानी शिकारियों की है। कयास लगाए जा रहे है कि वन्य प्राणियों के शिकार के लिए शिकारियों ने करंट लगाया होगा, जिसमें फंसने से तेंदुए की मौत हो गई होगी। इसके बाद तेंदुए के शव को कुएं में डाल दिया गया होगा।



घटनास्थल पर बाद डॉग स्काड की मदद से शिकारियों की तलाश करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन अभी तक वन विभाग के हाथ खाली हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद उमरिया से भी अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे।



## नौरोजाबाद में निकाली गई शोभा यात्रा

**महाआरती के साथ हुआ भंडारे का आयोज**

**नौरोजाबाद।** नगर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर भव्य शोभा यात्रा के साथ महा आरती और भंडारे का आयोजन किया गया। अयोध्या में प्रभु श्री राम के विराजमान को लेकर शहर में चहुओर हर्ष उल्लास, दीप व रंगोली से घर आंगन को सजाया गया, पटाखों की रंगीन रोशनी से आसमान रंग बिरंग हो गया, मुख्य मार्गो में भजन कीर्तन का आयोजन हुआ, जहां एक ओर प्रभु श्रीराम लला की



प्रतिमा अयोध्या में विराजमान को लेकर भारत देश के हर कोना-कोना जय श्रीराम के नारे के साथ गूंज उठा, इस दौरान नगर के राम मंदिर में भी पूजन-अर्चन की गई। साथ ही जलाभिषेक कर प्रसाद का वितरण भी किया गया, वही देर शाम शहर में महिलाए, बच्चे और पुरुषों के हाथों में झण्डे लेकर जय श्रीराम के नारे लगाते हुए बड़े हर्ष उल्लास के साथ मार्गो से भजन कीर्तन के रूप में रैली निकाली गई है, वहीं नगर में महिलाओं द्वारा घरों के आंगन में श्री राम प्रभु की रंगोली बनाते हुए दीपक से घर आंगन को जगमगाया गया। इस दौरान बड़े हर्ष उल्लास के साथ बच्चे एवं बड़ों ने पटाखे फोड़े, प्रभु श्री राम के अयोध्या की नगरी में पधारने पर प्रत्येक नागरिकों के चेहरों पर खुशी की रौनक छा गई है,र पूरे देश में दीपावली जैसा माहौल बनाया गया, जिसके चलते शहर, गली, मोहल्ले, बाजारों में डीजे की धुन व रोशनी से जगमगाते हुए दीपक से घर आंगन खिल उठे, वही एक दूजे को गले लगा कर श्री राम प्रभु के घर आगमन को लेकर बधाई दी, साथ ही यह एक इतिहास का स्वर्णिम पल के साथ लोगों में बड़ी खुशी नजर आई।

## विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**शहडोल।** विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय प्रास्पेक्टस एंड चैलेंज ऑफ स्किल डेवलपमेंट इन भारतीय इकोनॉमी रहा। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. राजकुमार वर्मा, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर थे, कायक्रम की अध्यक्षता कुलगुरू प्रो. रामशंकर ने की मुख्यवक्ता के रूप में प्रो. शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जन जातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक थे और दूसरे वक्ता के रूप में डॉ. अभिषेक कुमार सिंह यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली उपस्थित थे, मंच पर विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रो. अशीष तिवारी, परिसर प्रभारी प्रो. करुणेश झा उपस्थित थे। माँ वीणावादनी की आराधना से हुई। अतिथियों को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। सभी का स्वागत करते हुए वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष



प्रो. अनिल गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्यअतिथि कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कौशल विकास को शिक्षा से जोड़ने का व्यापक प्रयास किया है, कौशल विकास शिक्षा के लिए अत्यंत जरूरी विकल्प के रूप में देखते हुए आज नौकरियों को रोजगार में बदलने की जरूरत है, बच्चों को जिस विधा में रुचि है उसके रुचि को देखते हुए उसे उस स्किल से जोड़ना और उसके स्वर्णिम भविष्य के लिए जोड़ने का सफल प्रयास करना आज जरूरी है।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने कहा कि आज का अवसर महत्वपूर्ण है आज विशेष दिन है, आज हमारे भारत के सपूत नेता सुभाषचंद्र बोस का जन्म दिन है जिसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसके पूर्व 22 जनवरी को हमने भारतीय अस्मिता की पहचान को विश्वपटल पर अंकित किया है, इसी समय में हम विश्वविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट पर संगोष्ठी कर रहे है। मैं सदैव ये कहता हूँ कि आप सोचिये और एक विचार देते हुए सिद्धांत दीजिये। उस सिद्धान्त पर लोग जाकर कुछ नया कर पाते है, इसलिए इस प्रकार की स्किल सीखना जरूरी है और यही आपके विकास सही प्रयोजन है।

प्रथम सत्र में आभार का प्रदर्शन डॉ. एच. एल. मरावी ने किया और दूसरे सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. शैलेन्द्र सिंह भदौरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्किल आज के समय का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है पर इस पर काम करना जरूरी है, महाभारत का युध्द हुआ 100 कौरव और पांच पांडवो का मुख्य युध्द था पर हमें कितने नाम याद है, हमें सब नाम याद नहीं रहते क्यो ? ये इसलिए जिनमे स्किल थी उन्हें याद रखते है क्योकि उनकी जगह उनकी स्किल हमें याद रही और उस स्किल से हम उन्हें पहचानते है। स्किल पर बात करते हुए उन्होंने विभिन्न स्किल मैनेजमेंट के क्षेत्र और उनसे जुड़ी बातें छात्र-छात्राओं से साझा की। दिल्ली विश्वविद्यालय से पधारे डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने स्किल मैंनेजमेंट और उसमें आने वाले चैलेंज की व्यापक बात करते हुए अपने अनुभव जन्य तर्कों को साझा किया और नवीन तकनीकी का उपयोग कर सुधार की बात की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रो अशीष तिवारी ने अपने विचार रखते हुए संगोष्ठी के सराहना की सभी का आभार ज्ञापित किया। आयोजन का सफल संचालन डॉ. रजनी गौतम ने किया। संचालन समिति में सराहनीय भूमिका डॉ. प्रज्ञा यादव, डॉ. चंद्रकला अरमोती, डॉ. एच. एल. मरावी, की थी। उक्त संगोष्ठी में कई प्रतिभागियों ने रिसर्च पेपर का वाचन किया। संगोष्ठी में 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक, विजिटिंग प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय थी। अंत में डॉ. प्रज्ञा यादव ने आभार व्यक्त किया।



## राम-नाम के कीर्तन से गूंज उठी ट्रांसपोर्ट नगरी

**शहडोल।** अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में अलग ही उत्साह देखने मिला, जिले के ट्रांसपोर्ट नगरी बुढ़ार के वार्ड नंबर 15 में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी के मार्गदर्शन में महिला संगठन की अध्यक्ष रानी द्विवेदी के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली, रानी द्विवेदी ने बताया कि शोभा यात्रा मार्केट होते हुए राम जानकी मंदिर पहुंची। 22 जनवरी को सुबह से ही बड़े उल्लास के साथ प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया, रानी द्विवेदी के नेतृत्व में लोगों ने मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भगवान को भोग लगाएंगे। मंदिरों में विशेष अनुष्ठान के साथ भजन, कीर्तन, हवन के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर नगर में प्रमुख स्थलो में एलईडी के माध्यम से अयोध्या में भगवान के राम की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

आयोध्या में सोमवार को श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बुढ़ार नगर के वार्ड नंबर 15 से महिला संगठन की अध्यक्ष रानी द्विवेदी के नेतृत्व में विशाल जुलूस निकाला गया, जुलूस बाजार होते हुए रामजानकी मंदिर पहुंचा, इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से समूचा नगर और आवासीय परिसर श्रीराम





के नाम से सराबोर हो गया, भक्तिमय महौल में जुलूस के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, भक्तिमय माहौल में जुलूस के साथ लोग भगवा ध्वज लगाए चल रहे थे, जुलूस में श्रीराम,सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की झांकी बनाकर जुलूस मंदिर पहुंचा, यहां एडीजीपी डी.सी.सागर ने भी लोगों का उत्साहवर्धन किया। समूचे दिन वार्ड नंबर 15 सहित राम जानकी मंदिर में कीर्तन तथा रामायण एवं सुंदरकाण्ड का आयोजन किया गया। इस दौरान रानी द्विवेदी की अध्यक्षता में भण्डारे का भी आयोजन किया, जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों को महाप्रसाद वितरित किया गया। शाम होते ही बुढ़ार नगर के वार्ड नंबर 15 के टिकरी टोला में शाम होते ही रानी द्विवेदी के आह्वन पर वार्डवासियों ने दीपोत्सव मनाकर भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर जश्न और दीपावली मनाई।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर उमरिया का स्वीप गतिविधियों के लिये हुआ चयन

**उमरिया।** चौदवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन 25 जनवरी को माननीय राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य में कुशाभाउ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंवसन सेंटर भोपाल पुरानी विधानसभा में आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य का चयन स्वीप गतिविधियों के लिये किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले से रामसुमन तिवारी बीएलओ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-89 बांधवगढ मतदान केन्द्र 105 लगवारी का चयन पुरूस्कार हेतु किया गया है। इसी तरह स्वीप संबंधी स्लोगन प्रतियोगिता में जिले को व्दितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

### इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलेंस कार्यक्रम में उमरिया जिले को मिला प्रथम स्थान

**उमरिया।** संक्रामक बीमारियो की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग व्दारा किये गये प्रयासो के परिणाम स्वरूप इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलेंस कार्यक्रम में जिले को प्रथम स्थान मिला है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, सीइओ जिला पंचायत इला तिवारी तथा अपर कलेक्टर ने जिले के स्वास्थ्य टीम को बधाई देते हुये आगे भी उत्कृष्ट कार्य करने की अपेक्षा की है।

### अपर कलेक्टर ने की गणतंत्र दिवस तैयारियों की समीक्षा

**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम ने गणतंत्र दिवस तैयारियों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि जिन विभागों को जो दायित्व सौपे गये है, वह समय पर पूरा करे। समारोह को गरिमा पूर्ण एवं भव्य बनाने हेतु सहयोग करें। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागो व्दारा विकास झांकियां निकाली जानी है। सभी विभाग झांकियों के विषय वस्तु का प्रतिवेदन सुशील मिश्रा को सौंपे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की अंतिम रिर्हसल 24 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे से स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित की गई है। सभी विभाग प्रमुख अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम आज

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास अधिकारी मनमोहन सिंह कुशराम ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का जिला स्तरीय आयोजन 24 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सामुदायिक भवन में आयोजित किया जायेगा।

### अवैध मदिरा के 16 प्रकरण कायम

**उमरिया।** सहायक आबकारी आयुक्तं कीर्ति दुबे के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रहण व परिवहन पर रोक लगाने हेतु कार्यवाही की गई। कार्यवाही दौरान वृत्त उमरिया, पाली, नौरोजाबाद एवं मानपुर माह जनवरी में 15 जनवरी से 21 जनवरी तक 18 लीटर हाथ भट्टी शराब, 16 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 935 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत कुल 16 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना में लिये गये है । जिसका अनुमानित मूल्य 97,240 है। कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक हनुमान सिंह चौहान, दिनकर सिंह तिवारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक पिंकी हिन्दूजा के नेतृत्व में की गई। साथ ही आबकारी आरक्षक अवध प्रताप बघेल, कविता सिंह, विद्या सिंह, कविता सिंह, अंजली गौतम, राजपत्ति प्रजापति, रितिका साहू एवं नगर सैनिक विश्वनाथ कोल, सूरत सिंह कार्यवाही में सम्मिलित रहे।

### श्रीराम भक्तों ने सिलौड़ी में किया भव्य शोभा यात्रा का आयोजन

**उमरिया।** करकेली जनपद पंचायत के ग्राम सिलौड़ी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर श्री राम भक्तो ने भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर प्रांगण सिलौड़ी में संगीतमय अखंड रामायण कीर्तन का आयोजन कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने यात्रा में जय जय श्री राम के जयघोष लगाए व यात्रा को मझगवां, भुंडी, सहिजना, धनवार, बरही, करकेली, मुंडा, सिंहपमर होते हुए लगभग तीस किलोमीटर की यात्रा तय कर वापस सिलौड़ी में यात्रा का समापन किया गया।

## विचारपुर में खुलेआम चल रहा अवैध प्लाटिंग का खेल

# संजय की ट्रेन में सवार राजस्व विभाग



**किसानों से प्लॉट बिक्री की पावर ऑफ एटार्नी लेकर ये प्लॉट उपभोक्ताओं को बेचें जा रहे हैं, जमीन का सौदा उपभोक्ता व किसान के बीच होता है, किसान या तो जमीन बेचकर चले गए या फिर उन्हें कालोनी रेगुलर कराने की कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन प्लॉटों के मालिक फंस चुके हैं, निरंकुश हो चले प्रशासन को अवैध कालोनियों से कोई लेना-देना नहीं है।**





### कटघरे में राजस्व विभाग से लेकर जिला प्रशासन की भूमिका

**शहडोल।** भू-माफियाओं सरपंच और राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी और कृषि भू-खण्ड इस तरीके से मिटाया जा रहा है कि कागजों पर इनका केवल अस्तित्व ही बचेगा, शासन की जमीन कहा पर है, खुद राजस्व के जिम्मेदारों को नहीं पता, बीते दिनों संभागीय मुख्यालय में नजूल की भूमि पर बीच-बाजार अतिक्रमण हुआ, आरआई को जानकारी होने के बावजूद भवन का निर्माण नजूल की भूमि पर हो गया, मुख्यालय में लगभग तालाब अपने अस्तित्व की तलाश में है, जो कुछ तालाब बचे हैं, उनके आस-पास बड़ी-बड़ी इमारतें बन गई हैं, संभागीय मुख्यालय के आस-पास की ग्राम पंचायतों में कृषि भू-खण्ड पर भू-माफियाओं की गिद्धनजर है, राजस्व अधिकारियों सहित पंजीयक कार्यालय में बैठे जिम्मेदारों से सांठ-गांठ कर अवैध कालोनिया बसाई जा रही है।

#### नौकरशाह हुए निरंकुश

संभागीय मुख्यालय सहित विचारपुर, पंचगांव व उसके आस-पास के क्षेत्रों में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बिना डायवर्सन के खरीद बिक्री करने का गोरखधंधा बदस्तूर जारी है। अवैध प्लानिंग कर जमीन को ऊंचे दामों में बिक्री करने वाले भू-माफियाओं पर प्रशासनिक शिकंजा नहीं कसे जाने से भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इतना ही नहीं इसकी हकीकत जानकर सभी अनजान बने इसलिए बैठे हैं, क्योंकि सभी की हिस्सेदारी इसमें बराबर की लगाई जाती है। अगर यह कहा जाए कि सभी चोर-चोर मौसेरे भाई हैं तो कतई कहीं से गलत नहीं होगा। क्योंकि जिस तरीके से कृषि भूमि का अस्तित्व मिटाने के लिए दबंग भू-माफिया और प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में धंधा फल-फूल रहा हैं। इससे वह दिन दूर नहीं जब संभागीय मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायतों में कृषि योग्य भूमि नहीं रह जायेगी। वर्ष 2023 में जिला प्रशासन के पास भू-माफियाओं की शिकायत पहुंची थी, लेकिन निरंकुश हो चुके नौकरशाहों को अवैध गतिविधियों से कोई लेना-देना ही नहीं है।

#### राजस्व विभाग का मिल रहा पूरा सहयोग

सोहागपुर तहसील अंतर्गत स्थित विचारपुर में खसरा नंबर 19 के अलावा आस-पास के भू-खण्ड पर संजय पासी नामक रेलवे कर्मचारी द्वारा जमकर अवैध प्लाटिंग करवाई है, बीते वर्षो में इनके साथ ही इनके परिवार की संपत्ति दिन दुगनी और रात चौगुनी गति से बढ़ी, अवैध प्लाटिंग का खेल इन्होंने अकेले नहीं खेला, संदीप एवं विजय के कंधे पर बंदूक रखकर संजय ने जमकर शासन को चूना लगाया है, हालाकि भू-माफियाओं को राजस्व विभाग के मैदानी अमले से लेकर वरिष्ठ कार्यालय में बैठे नौकरशाहों का बराबर सहयोग मिलता रहा, किसानों से प्लॉट बिक्री की पावर ऑफ एटार्नी या भू-खण्ड का सौदा स्टांप पर कर लिया जाता है, इसके बाद सौदे के हिसाब से कृषि भू-खण्ड के मालिक को राशि एकमुश्त न देकर प्लाट के बिकते ही थोड़ी-थोड़ी कर दी जाती है, जिससे भूमि का मालिक और क्रेता कटघरे में रहता है, भू-माफिया साफ बाहर निकल जाते हैं।

#### जिला प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान

अवैध कालोनियों की खरीद फरोख्त के मामले में प्रशासनिक उदासीनता से जिला प्रशासन की भूमिका पर भी सवालिया निशान लग रहा है। शहर से लेकर गांव तक अनुमति के बगैर जमीन की अफरा-तफरी को अंजाम दिया जा रहा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के बिना सैकड़ों एकड़ खेती वाली जमीन बेची जा रही है। प्रशासनिक अनुमति के बगैर मुरुम की सडक़ बनाकर प्लाट कटिंग करने और बेचने का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। जिला प्रशासन की उदासीनता की वजह से अवैध प्लाटिंग करने वाले अपराधिक प्रवृत्ति के भू-माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। विचारपुर, पंचगांव, कोटमा आदि गांवों में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग कर जमीन की खरीद बिक्री में भू-माफिया मालामाल हो रहे है। भू-माफिया बगैर प्रशासनिक अनुमति के कई एकड़ कृषि भूमि को बगैर डायवर्सन कराए अवैध प्लाटिंग कर बेच चुके हैं और आगे बेचने की तैयारी में हैं।

#### खुद ही बनवा रहे मुरूम की सडक़

अवैध प्लाटिंग का काम जो जमील दलाल कर रहे हैं, उनका रेरा में पंजीयन नहीं हैं। किसानों की खेती की जमीन का सौदा कर, कृषि भूमि का बगैर डायवर्सन प्लाट के रुप में टुकड़े कर रहे हैं, जिन्हें खुद का प्रोजेक्ट बताकर धड़ल्ले से बेरोक टोक बेचा जा रहा है। इसके लिए जमीन माफिया खुद ही मुरुम की सडक़ें भी बनवा रहे हैं। दो हजार वर्गफीट से लेकर 2400 वर्गफीट तक के प्लाट लोगों को धोखे में रखकर अवैध तरीके से बेचा जा रहा है। इस अवैध कारोबार में कथित रूप से राजस्व अमले की भूमिका संदिग्ध है, ऐसा नहीं है कि कृषि भू-खण्ड के हो रहे टुकड़े की जानकारी आरआई, तहसीलदार, एसडीएम सहित जिला प्रशासन को नहीं है, इस पूरे खेल की जानकारी नीचे से लेकर ऊपर तक बैठे नौकरशाहों को होने के बावजूद उनकी चुप्पी, यह दर्शाती है कि इस पूरे खेल में सबका हिस्सा माफियाओं ने पहले ही तय कर दिया है।

#### आदिवासियों की जमीन की भी प्लाटिंग

भू-माफिया आदिवासियों को भी झांसे में लेकर उनकी भूमि को भी अनुबंध करा कर महंगे दामों में खरीद बिक्री कर रहे हैं। कम पढ़े लिखे अथवा अशिक्षित होने के कारण अनुबंध करा कर कम रकम का सौदा कर अधिक जमीन आदिवासियों के नाम पर रजिस्ट्री करा कर उसकी खरीद बिक्री कर रहे हैं। ठगी के शिकार दर्जनों भू-स्वामियों को न्याय के लिए न्यायालय अथवा जिला प्रशासन कार्यालय में वर्षों से चक्कर काटना पड़ रहा है। बीते दिनों विचारपुर निवासी शंकर बैगा पिता स्व. धन्नी बैगा उम्र 35 वर्ष ने कोतवाली में शिकायत दी थी कि हम दो भाई हैं, प्रेमचंद बैगा अपने हिस्से की जमीन संजय पासी निवासी ग्राम विचारपुर को तीन-चार दिन पहले बेच दिया था, 7 जनवरी को संजय पासी जेसीबी लेकर आया और मेरे हिस्से की जमीन पर लेवल कराकर प्लाटिंग कर दिया, मेरे मना करने पर मेरे साथ लपटा-झपटी, धक्का-मुक्की के साथ मारपीट किया है। हालाकि बाद में पुलिस ने संभवतः इस मामले में सुलह करवा दी, लेकिन इससे यह जरूर स्पष्ट हो गया कि संजय पासी द्वारा विचारपुर में खुलकर कृषि भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है।

#### इनका कहना है...

मैं उक्त स्थल पर गई थी, हमनें पंचनामा बना लिया है, प्रतिवेदन जल्द ही वरिष्ठ कार्यालय को सौंपा जायेगा।

**श्रीमती शांति सिंह मरावी**
**पटवारी**
**हल्का पचगांव/दूधी**

## कलेक्टर, सीईओ, अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम एवं एसडीएम बांधवगढ़ टीआर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, डीप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले ने विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में जिले भर से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा उनका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में ग्राम टिकुरी निवासी बाल्मीक जायसवाल ने स्थगन के बाद भी प्रतिवादी व्दारा निर्माण कार्य कराने, ग्राम बेलसरा से आई पार्वती मरावी ने ग्राम पंचायत व्दारा आशा कार्यकार्ता की भर्ती कराने, बांधवाटोला तहसील नौरोजाबाद से आई चुनिया बाई ने जमीन का नक्शा तरमीम करवाने तथा ताप विद्युत केन्द्र मंगठार व्दारा अधिग्रहित जमीन का मुआवजा दिलाने, पडखुरी से आये वैद्यनाथ व्दिवेदी ने सीमांकन कराने, मुन्ना काछी लालपुर ने उनकी जमीन पर वकील व्दारा जबरन कब्जा कर मकान बनाने, ग्राम चितराव से आई लालबाई यादव ने पति के मृत्यु के बाद संबल योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम किरनताल से आई मुन्नी बाई ने फौती नामांतरण कराने संबंधी आवेदन किया।

## परीक्षा पे चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता

**जमुना/बदरा।** परीक्षाओं की बारीकियों से जूझ रहे युवा दिमाग के जीवंत प्रदर्शन में, केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी ने आज एक अनूठी परीक्षा पे चर्चा पेंटिंग प्रतियोगिता मे सम्पूर्ण अनूपपुर जिले के छात्रों की मेजबानी किया। यह आयोजन, परीक्षा की चिंता और तनाव प्रबंधन पर राष्ट्रीय पहल के साथ मेल खाते हुए, 100 से अधिक छात्रों के लिए कला के माध्यम से अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का एक मंच था। मुख्य अतिथि अरविंद कुमार राय, विद्यालय प्रबंध समिति प्रतिनिधि और एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के कार्मिक प्रबंधक और प्राचार्य मनोज कुमार की उपस्थिति में आयोजित प्रतियोगिता से प्रतिभागियों के बीच रचनात्मकता और कल्पना की एक चिंगारी प्रज्वलित बनी। परीक्षा पे चर्चा विषय के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र, चंद्रयान, विकसित भारत, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आदित्य एल.1 और भारत की सफलता आदि विषयो पर छात्रों ने कैनवास पर सफलता के लिए अपनी चिंताओं, आकांक्षाओं और रणनीतियों को चित्रित करते हुए, परीक्षा के साथ अपने स्वयं के अनुभवों को समझने का अवसर मिला। प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा, यह प्रतियोगिता केवल कलात्मक योग्यता के बारे में नहीं है। आत्म-विश्वास, दृढ़ता और चुनौतियों पर काबू पाने के बारे में मूल्यवान सबक भी सीखें। मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार राय ने परीक्षा पे चर्चा की कलात्मक व्याख्याओं को देखने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह पहल, छात्रों के भीतर और उनके तथा उनके गुरुओं के बीच, परीक्षा के दौरान खुले संचार और समझ को बढ़ावा देने की अपार क्षमता रखती है। मुझे विश्वास है कि इन युवा दिमागों की रचनात्मक अभिव्यक्तियाँ मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगी और मार्ग प्रशस्त करेंगी तथा परीक्षाओं के प्रति अधिक सकारात्मक और तनाव-मुक्त दृष्टिकोण विकसित होगा। 100 से अधिक प्रतिभागियों की उम्मीद के साथ, प्रतियोगिता रंगों और भावनाओं का एक जीवंत बहुरूपदर्शक बना। जैसे-जैसे छात्र कैनवस पर अपना दिल उड़ेलते हैं, यह आयोजन न केवल कलात्मक जुनून को प्रज्वलित करने की उम्मीद करता है, बल्कि परीक्षा की तैयारियों और मानसिक कल्याण के बारे में रचनात्मक बातचीत भी शुरू करता है। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर शिवांश मिश्रा, केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी, दूसरे स्थान पर सुरेंद्र सिंह , नवोदय अमरकंटक, तीसरे अनामिका सिंह, केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक, चौथे नम्रता मरावी, केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर और पांचवें स्थान करुणा तांडिया , केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक ने प्राप्त किया।

**जगह-जगह रंगोली सजाकर की भगवान के स्वागत की तैयारी**

## मुस्लिम समुदाय ने पेश की सामाजिक समरसता की मिसाल



**कोतमा।** अयोध्या में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जहां पूरा नगर राम में हो गया था। नगर में जगह-जगह रंगोली सजाकर भगवान के स्वागत की तैयारी कर रहे थे। वही नगर को झंडा एवं बैनर पोस्टर से सजाया गया था।

#### दीपावली जैसा माहौल

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में जहां सभी लोगों ने अपने-अपने घरों को रोशनी से जगमगाया था और घरों के बाहर दीए जलाए हुए थे। ऐसा लग रहा था मानो नगर में महा दीपावली मनाया जा रहा है लोग देर रात तक आतिशबाजी करते नजर आए। सोमवार को रात्रि में जहां बस स्टैंड से भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं माता सीता की जीवंत झांकी निकाली गई थी, वही नगर के पंचायती मंदिर से माता सीता को पालकी में विराजमान करते हुए छात्रावास की छात्राओ के द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए पालकी को गांधी चौक ले जाया गया जहां मंच में विराजमान राजा रामचंद्र के साथ मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से माता सीता ने भगवान श्री राम को वरमाला पहनाया वहीं भगवान श्री राम ने भी माता सीता को वरमाला पहनाया लोगों ने जय श्री राम के उद्घोष के नारे भी लगाए।

#### सजाई गई थी झांकी

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्वर्णकार समाज की महिलाओं के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों एवं बच्चों को राम लक्ष्मण सीता एवं हनुमान जी के रूप में सजाकर नगर भ्रमण करवाया तथा ज्योति सराफ के घर में महा आरती उतारी गई। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चल समारोह जुलूस में भारी जन सैलाब उमड पडा। सबसे ज्यादा समूह में महिलाओं की संख्या देखने को मिला जहां महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर चल समारोह जुलूस में जय श्री राम के उद्घोष करते हुए नगर की गलियों में घूमती नजर आई। नगर के पंचायती मंदिर में देर रात्रि भगवान श्री राम माता सीता का राज्याभिषेक किया गया इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कुटीर मंत्री दिलीप जायसवाल उपस्थित थे।

#### पेश की सामाजिक समरसता की मिसाल

मंच पर विराजमान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं माता सीता की महा आरती उतारी गई। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा एवं नगर वासियों के द्वारा महा आरती की गई। आयोजकों के द्वारा कार सेवकों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर के पुराना स्टेट बैंक रोड में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इकबाल हुसैन बोहरा एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा चल जुलूस में विराजमान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं माता सीता की झांकी में पुष्प वर्षा करते हुए नगर में सद्भावना की एक मिसाल पेश की।

## सड़कों पर रखी भवन निर्माण सामग्री से हो रही दुर्घटनाएं

### नगर पालिका उदासीन, रटा रटाया दे रहे जवाब



**कोतमा।** नगर के सड़कों और गलियों में भवन निर्माण की सामग्री बिखरी होने से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। बालू, गिट्टी ईट आदि सामग्री रखी होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हो रही है। बाइक के फिसलने से लोग चोटिल हो रहे हैं। इसे देखने वाला कोई नहीं है। नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और नगर प्रशासन मौन है। विदित हो कि सड़क पर सामग्री रखने के लिए नगर निगम की अनुमति लेनी पड़ती है। नगर के कई स्थानों पर बालू, गिट्टी, ईट रखे हुए हैं साथ ही घरों से निकलने वाले मलवे को भी सडको पर ही रखवा दिया जाता है इससे लोगों को वाहन चलाने मे काफी परेशानी हो रही है। रात के समय सड़क पर बिखरी सामग्री नहीं दिखती और लोग हादसों के शिकार हो जाते है।

#### यह है नियम

सड़क किनारे मकान बनाने एवं अन्य कार्य को लेकर बालू, गिट्टी, ईट मलवा आदि सामग्री रखने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेनी पड़ती है। सड़क किनारे सामग्री रखने के लिए निगम में एक आवेदन दिया जाता है। आवेदन के बाद उपभोक्ता को शुल्क भी जमा कराना होता है। राशि जमा करने पर 24 घंटों के लिए ही सड़क किनारे सामग्री रखने की अनुमति दी जाती है। अगर समय पर सामग्री नहीं उठी तो जुमार्ना के साथ सामग्री को जब्त करने का नियम है। एवं यदि उस जगह पर आवागमन बाधित होता है तो नगर पालिका सामग्री रखने की अनुमति नहीं देगी।

#### पुराने अस्पताल के सामने

नगर के वार्ड क्रमांक 3 पुराने अस्पताल के सामने ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिसके लिए 1 माह से रेत एवं गिट्टी का ढेर सड़क पर ही लगा दिया है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं जब भी बाजार का यह हाल है तो नगर के अंदर की क्या स्थिति होगी इसे देखने वाला कोई नहीं है।

#### नपा उदासीन

सड़क किनारे सामग्री रखने पर नगर पालिका प्रशासन को कार्यवाही करनी चाहिए लेकिन नगरपालिका के उदासीन रवैए के कारण मुख्य बाजारों एवं नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री या बेखौफ पड़ी रहती है लेकिन नगर पालिका के द्वारा कागजों पर ही कार्यवाही करने की बात कहती है। धरातल पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन को इन सब से कोई लेना देना नहीं है। लोग सामग्री को धड़ल्ले से सड़क के किनारे रखकर मकान बना रहे हैं।

#### हो रही दुर्घटनाएं

नगर के अंदर सड़कों पर भवन निर्माण सामग्री रखी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। पूर्व में वीडियो मोड़ के पास एक व्यक्ति के द्वारा भवन निर्माण का कार्य कराया जा रहा था और मिक्सर मशीन को बीच सड़क पर रखकर मसाला बनवाया जा रहा था तथा सड़क के दोनों और मलवा एवं रेत गिट्टी रखी हुई है जिसके कारण पिकअप वाहन ने दोपहिया वाहन को ठोकर मार दी जिससे मोटरसाइकिल चालक गिर गया था गनीमत यह थी कि दोनों वाहन धीमे थे जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

#### इनका कहना है

नगर पालिका के आदेश के बिना सड़क किनारे बालू, गिट्टी, ईट आदि निर्माण सामग्री रखना बिलकुल गैरकानूनी है। सड़क किनारे सामग्री रखने के लिए नगर पालिका से अनुमति लेना जरूरी है। बिना अनुमति कोई व्यक्ति सामग्री रखता है तो जुर्माना देना पड़ेगा। अभियान चलाकर ऐसे भवन निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध नोटिस देकर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ**
**नगर पालिका कोतमा**

## खबर संक्षेप



### ग्राम मगरदहा में हुआ मानस पाठ एवं भंडारा

**ब्यौहारी** । जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत बुढ़वा मैं विभिन्न आयोजन हुए। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव-गांव में मानस पाठ एवं भंडारे का कार्यक्रम हुआ इसी क्रम में ग्राम पंचायत मगरदहा के हनुमान मंदिर में समाजसेवी प्रभात द्विवेदी द्वारा धरी नंबर 1 से लेकर हनुमान मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई एवं रामचरितमानस का पाठ और 22 तारीख को हनुमान मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया इसके अलावा खेर माता में भी भंडारे का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सरपंच , जनप्रतिनिधि एवं हजारों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### मऊगंज में कलेक्टर गणतंत्र दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण

**मऊगंज**। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर पर आयोजित किया जाएगा जायेगा। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सम में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:00 बजे से आयोजित किए जाएंगे, जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश की उपलब्धियां तथा नए कानून के संबंध में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिले के सभी नगरीय निकाय, जनपद पंचायतें, ग्राम पंचायत तथा सभी शिक्षण संस्थानों में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा।

### रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा**। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत समितियों में संचालक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं। दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित तमरादेश के लिये सहकारी निरीक्षक नीलेश पाण्डेय, दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित जरहा एवं देवरी के लिये सहकारी निरीक्षक विकास माठे तथा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मनिकवार के लिये सहकारी निरीक्षक एमएल साकेत को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने भास्कर की पूजा कर दिन का दौरा किया आरम्भ

**अनूपपुर**। मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री (कुटीर एवं ग्रामोद्योग) दिलीप जायसवाल ने दिन अपने का शुभारंभ नगर के देवी तालाब स्थित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के साथ आरंभ किये। सूर्य सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रमा सिंह ने देवी मंदिर स्थित सूर्य मंदिर में मंत्री श्री जायसवाल का स्वागत करते हुये मंदिर मंदिर के पुजारी अवध बिहारी तिवारी के द्वारा विधि विधान के साथ भगवान श्रीभास्कर की पूजा अर्चना सम्पन्न कराया गया वही मंत्री द्वारा नगर के दूसरे तालाब भवनिया में श्रीरामचंद्र के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी भवनिया तालाब पर श्रीरामचंद्र मंदिर का भूमि पूजन किये। सूर्य मंदिर देवी तालाब पर सुन्दर कांड संकीर्तन का मंत्री ने आरम्भ किये साथ में सूर्य सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रमा सिंह और डीडी गिरि, प्रेम चंद्र यादव, बालेन्द्र सिंह परिहार, सुनील पासी पत्रकार समेश यादव, रामचरण यादव, तेजभान सिंह, रन्जीत सिंह, गंगा प्रसाद झारिया आदि उपस्थित रहे।



### 51 सौ दीपक जलाकर भंडारे और कीर्तन के साथ अयोध्या उत्सव मनाया गया

# 5 सौ वर्ष के बाद अपने दिव्य भवन में विराजमान हुए रामलला

*धनपुरी। कोयलांचल के वार्ड 13 मे स्थानीय नागरिको द्वारा अयोध्या मे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर हनुमान मंदिर नालाटोला मे मानस कीर्तन और भंडारे का आयोजन के साथ 51 सौ दीपक जलाकर उत्सव मनाया गया।*

#### 500 वर्ष बाद बना सहयोग

कार्यक्रम संयोजक राजू कोल ने बताया की लगभग 5 सौ वर्षो बाद रामलला अपने दिव्य और भव्य महल मे विराजमान होने पर पूरा देश महोत्सव मना रहा है और यह क्षण हम सभी देशवासियों के लिए गौरव के साथ ऐतिहासिक भी है इसी उत्सव को हम भी पूरे उमंग के साथ मना रहे है । कार्यक्रम मे संयोजक अवधेश सोनी राम अवतार रजक लक्ष्मी मंडल संजय दास जयप्रकाश मिठाई लाल प्रजापति नंदलाल दहिया राम सुंदर सुखी सर संतोष सिंह राजू कोल सूरज पनिका लल्लू दहिया संतोष बर्मन टीडू बर्मन लाला दहिया राहुल पनिका राकेश पनिका राज बहादुर पनिका मनीष पनिका सतीश सोनी राहुल चौधरी अमन पनिका तनीषा कोल सपना पनिका रश्मि कोल सागर सिंह गोंड राजकुमारी कहार संगीता पनिका गुंजा पनिका वंदना पनिका सचिन रजक सलमान खान शंकर कहार निशा पनिका आदि लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सुसज्जित व सफल बनाया।

#### 51 सौ दीप जलाकर उत्सव मनाया

धनपुरी कोयलांचल के वार्ड 13 मे स्थानीय नागरिको द्वारा अयोध्या मे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर हनुमान मंदिर नालाटोला मे मानस कीर्तन और भंडारे का आयोजन के साथ 51 सौ दीपक जलाकर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक राजू कोल



ने बताया की लगभग 5 सौ वर्षो बाद रामलला अपने दिव्य और भव्य महल मे विराजमान होने पर पूरा देश महोत्सव मना रहा है

#### ऐतिहासिक यादगार क्षण

इस क्षण के लिए हम सभी देशवासियों के लिए गौरव के साथ ऐतिहासिक भी है इसी उत्सव को हम भी पूरे उमंग के साथ मना रहे है । कार्यक्रम मे संयोजक अवधेश सोनी राम अवतार रजक लक्ष्मी मंडल संजय दास जयप्रकाश मिठाई लाल प्रजापति नंदलाल दहिया राम सुंदर सुखी सर संतोष सिंह राजू कोल सूरज पनिका लल्लू दहिया संतोष बर्मन टीडू बर्मन लाला दहिया राहुल पनिका राकेश पनिका राज बहादुर पनिका मनीष पनिका सतीश सोनी राहुल चौधरी अमन पनिका तनीषा कोल सपना पनिका रश्मि कोल सागर सिंह गोंड राजकुमारी कहार संगीता पनिका गुंजा पनिका वंदना पनिका सचिन रजक सलमान खान शंकर कहार निशा पनिका आदि लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सुसज्जित व सफल बनाया। धनपुरी आजाद चौक में नगर दुर्गोसव समिति के द्वारा 1008 दीए जलाकर जय श्री राम के नाम का दीपोत्सव मनाया गया। जो काफी लोगों दीपों से सजा जय श्री राम को देखा सराहा और अपने मोबाइल में कैद किए।

### देशव्यापी आंदोलन के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने किया गया धरना प्रदर्शन

# कांग्रेस पार्टी का आरोप: असम में हुई घटना भाजपा की सोची समझी साजिश

**रीवा**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी रीवा द्वारा कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा समर्पित उपद्रवियों द्वारा न्याय यात्रा पर हमला किया गया जिससे वह और उनका काफिला बुरी तरह से घायल हो गया। साथ ही दिनांक 22 जनवरी 2024 को असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा के इशारे पर संत शंकर देव के मंदिर में दर्शन करने से उन्हें रोका गया। जबकि इसकी अनुमति उन्हें पूर्व से थी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सुनियोजित तरीके से हिंसक हमलो एवं धार्मिक भावनाओ को ठेस पहुंचाने कलेक्ट्रेट परिसर रीवा के समक्ष जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षद्वय इंजी. राजेन्द्र शर्मा एवं लखनलाल खण्डेलवाल के निर्देशन एवं महापौर अजय मिश्रा (बाबा) के मुख्य आतिथ्य व कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुंवर सिंह की अध्यक्षता में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा (बाबा) ने भाजपा द्वारा सुनियोजित तरीके से किये गये आदरणीय राहुल गांधी एवं उनके काफिले पर हमले को कायराना हमला निरूपित किया और कहा कि आगे आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी गांव गांव, घर घर जाकर लोगों को भाजपा का चाल चरित्र उजागर करेगी। अध्यक्षता कर रहे कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर सिंह ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए भाजपा और आर एस एस पर जमकर हमला बोला और सभी कांग्रेस जनों को संविधान की रक्षा करने एवं भाजपा की तानाशाही को रोकने के लिए संघर्ष का आहवान किया।




कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा इस अवसर महान क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सफल संचालन ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने जबकि आभार प्रदर्शन शहर के कर्मठ संगठन मंत्री सज्जन पटेल ने किया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी रामगरीब बनवासी, गोविंद दास तिवारी, सरदार प्रहलाद सिंह, शिवप्रसाद प्रधान, बृजभूषण शुक्ला, कविता पाण्डेय, वसीम राजा, मानवेन्द्र सिंह नीरज, अनिल मिश्रा, रमाशंकर सिंह, सत्यनारायण तिवारी, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, रमाकांत मिश्रा, शत्रुघ्न सिंह सलैया, हर्षलाल शुक्ला, कुंज बिहारी तिवारी, मुस्तहाक खान, जी.पी. त्रिपाठी, रमेश पटेल, तारा त्रिपाठी, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेश द्विवेदी, जीतेन्द्र सिंह, पद्मदीप शुक्ला, नरेन्द्र सिंह तिवारी, कमलेश कुमार पटेल, सुंदरलाल चौधरी, पार्षद धनेन्द्र सिंह बघेल, नजमा बेगम, मनीष नामदेव, सूफिया बेगम, अकरम अंसारी, आरती बक्सरिया, सहफूज खान, श्याम किशोर मिश्रा, रामप्रकाश तिवारी डैडू, अमित चौबे, लियाकत अली, अनिल तिवारी, आनंद कुशवाहा, अशोक सिंह बुड़वा, डॉ. विमल दुबे, डॉ. स्वतंत्र सिंह, प्रभा सोहगौरा, अर्चना द्विवेदी, ममता सिंह, प्रभा मिश्रा, देवती साकेत, सुशीला कुशवाहा, सुरेश वर्मा, सुशील कुशवाहा अमित द्विवेदी, नासिर अंसारी, राजेन्द्र तिवारी, राजेश मिश्रा बब्बू, भगवान सिंह तिवारी, मानिक लाल सोनी, रफीक मनिहार, प्रदीप अवस्थी, आर. एस. मिश्रा, प्रेमलाल विश्वकर्मा, पंकज उपाध्याय, सत्यम मिश्रा, शिवम मिश्रा, ऋषि त्रिपाठी, शशि कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह रिमारी, अंजनी द्विवेदी, संजय तिवारी, केशव वर्मा, भूपेश द्विवेदी, राहुल सिंह, राजेश द्विवेदी, राहुल मिश्रा, अनुराग सिंह, जयप्रकाश श्रीवास्तव, अरविंद पटेल, नुरूल हसन, भोला प्रसाद पटेल, छोटेलाल रजक, सुनील द्विवेदी, सूरज मिश्रा, शुभम कुशवाहा, मनोज पटेल, दिगम्बर प्रसाद पाण्डेय, रोहिणी साकेत, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, गेनरी पटेल, दिनेश सेन, मुन्नालाल जयसवाल, रामस्वरूप झंझोट, लकी सिंह, संतोष सिंह, शिवम साहू, सुनील द्विवेदी, सुनील तिवारी, तनवीर अहमद खान, दिग्विजय सिंह, धर्मराज चतुर्वेदी, उदित नारायण तिवारी, रमेश प्रसाद तिवारी, बृजेश बिसेन, पुष्पेन्द्र तिवारी, धनंजय पटेल, शिवम साहू, नूर अफजल अंसारी, लक्ष्मण कुशवाहा, रामानुज कुशवाहा सहित सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# अधिकारी जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें - अपर कलेक्टर

**रीवा**। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जन सुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आम जनता से मिले 49 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सात दिनों की समय सीमा में आवेदन पत्रों के निराकरण के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने कहा कि जन सुनवाई शासन की उच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। सभी अधिकारी प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित समय प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों पर तत्परता से कार्यवाही कर समुचित निराकरण करें।



किसी भी आवेदक को आवेदन पत्र के निराकरण के लिए पुनः जन सुनवाई में आने की आवश्यकता न रहे। संवेदनशीलता के साथ आवेदनों का निराकरण करें। जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। जन सुनवाई में आवेदिका सुधा यादव रसोईया ग्राम रमपुरवा को छः माह के लंबित मानदेय का मौके पर ही भुगतान कराया गया।जन सुनवाई में ओमप्रकाश गिरि निवासी कोष्टा ने बिजली बिल में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को बिलों का परीक्षण कर समुचित सुधार के निर्देश दिए। दयानंदन मिश्रा निवासी ग्राम चौरा ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को सात दिवस में आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। मदन सिंह निवासी महसांव ने जमीन के नक्शा तरमीम तथा आबादी भूमि घोषित कराने के संबंध में आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम गुढ़ को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। सुरेश कुशवाहा निवासी मझगवां ने जल संसाधन विभाग की क्षतिग्रस्त नहर में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन को नहर में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जन सुनवाई में नामांतरण, पेंशन प्रकरण, मजदूरी भुगतान, भू अर्जन का मुआवजा सहित विभिन्न प्रकरणों में सुनवाई की गई।

# दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में मध्य प्रदेश की झांकी में समृद्धि और महिला सशक्तिकरण की झलक दिखेगी

### भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला फाइटर रीवा की अवनि चतुर्वेदी लड़ाकू विमान से साथ दिखेगी

**रीवा**। विकास का मूल मंत्र - आत्मनिर्भर नारी पर केंद्रित मध्यप्रदेश की झांकी दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह 2024 की शोभा बढ़ाएगी। झांकी में प्रदेश की समृद्धि, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण का प्रदर्शन होगा। प्रदेश की झांकी आत्मनिर्भर और प्रगतिशील नारीशक्ति पर केंद्रित है। आधुनिक सेवा क्षेत्र से लेकर लघु उद्योग और पारंपरिक क्षेत्र में समान रूप से सक्रिय प्रदेश की महिलाओं की उन्नति को इस झांकी में दर्शाया गया है। झांकी में खेत-खलिहान से लेकर वायुयान तक प्रदेश की नारी की प्रगति का प्रदर्शन किया गया है। झांकी के अग्रभाग में भारतीय वायुसेना की प्रथम महिला फाइटर पायलट रीवा की अवनि चतुर्वेदी मिग बाइसन लड़ाकू विमान के साथ दिखाई गई हैं। अग्रभाग के निचले हिस्से में गोंड चित्रकारी प्रदर्शित की गई है। झांकी के मध्य भाग में



महिला कलाकार मटके पर चित्रकारी का सजीव प्रदर्शन कर रही है। चंदेरी के बादल महल गेट की पृष्ठभूमि में बुनकर महिलाएं चंदेरी, महेश्वरी और बाघ प्रिंट साड़ियों का विक्रय हेतु प्रदर्शन कर रही हैं। मध्य भाग के निचले हिस्से में पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती दुर्गाबाई की गोंड भित्ति चित्रकारी और साथ में स्टोन कार्विंग करते हुए महिला कलाकार दिखाई दे रहे हैं। झांकी के पृष्ठ भाग में ₹मिलेट वूमन ऑफ़ इंडिया₹ के बैनर के नीचे बांस टोकनियों में रखे विभिन्न प्रकार के श्रीअन्न के साथ डिंडोरी जिले की सुश्री लहरी बाई की प्रतिकृति दिखाई गई है। इसके निचले हिस्से में विभिन्न श्रीअन्न से निर्मित भित्ति चित्र दिखाए गए हैं। झांकी के साथ ₹विकसित-सक्षम-सशक्त-समृद्ध, हमारा प्यारा मध्य प्रदेश₹ की धुन पर महिला कलाकारों का समूह मालवा अंचल का मटकी लोक नृत्य करता चलेगा।

# गणतंत्र दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायत में होंगे समारोह

रीवा। जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में एसएएफ मैदान में प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। गणतंत्र दिवस समारोह में आकर्षक परेड के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा।

समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियाँ निकाली जाएंगी। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर 21 जनवरी से ही सभी शासकीय भवनों में रोशनी कर दी गई है। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से आरंभ होगा जिसमें जबलपुर और सिंगरौली के लोक कलाकारों के दल आकर्षक प्रस्तुति देंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ऐसी नगर परिषदें जो विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित नहीं हैं वहाँ नगर परिषद के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इन समारोहों में ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन होगा। कलेक्टर ने कहा है कि सभी संबंधित अधिकारी ध्वज संहिता का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस में ध्वजारोहण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल में प्राथमिक उपचार की सुविधा सुनिश्चित करें। गणतंत्र दिवस समारोह में सांसदगण, विधायकगण, महापौर, पार्षदगणों, गणमान्य नागरिकों, सैन्य व असैनिक अधिकारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर उनके बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी। जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वयोवृद्ध हैं अथवा अस्वस्थ हैं उन्हें उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने भास्कर की पूजा कर दिन का दौरा किया आरम्भ

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री (कुटीर एवं ग्रामोद्योग) दिलीप जायसवाल ने दिन अपने का शुभारंभ नगर के देवी तालाब स्थित सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के साथ आरंभ किये। सूर्य सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रमा सिंह ने देवी मंदिर स्थित सूर्य मंदिर में मंत्री श्री जायसवाल का स्वागत करते हुये मंदिर मंदिर के पुजारी अवध बिहारी तिवारी के द्वारा विधि विधान के साथ भगवान श्रीभास्कर की पूजा अर्चना सम्पन्न कराया गया वही मंत्री द्वारा नगर के दूसरे तालाब भवनिया में श्रीरामचंद्र के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी भवनिया तालाब पर श्रीरामचंद्र मंदिर का भूमि पूजन किये। सूर्य मंदिर देवी तालाब पर आज सुन्दर कांड संकीर्तन का मंत्री ने आरम्भ किये साथ में सूर्य सेवा समिति के अध्यक्ष विक्रमा सिंह और डीडी गिरि, प्रेम चंद्र यादव, बालेन्द्र सिंह परिहार, सुनील पासी पत्रकार समेश यादव, रामचरण यादव, तेजभान सिंह, रन्जीत सिंह, त्रिशुल यादव, दिनेश परमार, अभिजीत सिंह, सूर्य मंदिर के पुजारी अवध बिहारी तिवारी, भवनिया तालाब पर तरुन्द्रेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र महरा, चप्पू उर्फ मितेश मित्तल, शंभु साहु, रिन्कू शर्मा, राहुल सिंह, पप्पु प्रसाद यादव, गंगा प्रसाद झारिया आदि उपस्थित रहे।

### सिंधु भवन में विविध कार्यक्रम किये आयोजित

**अनूपपुर।** भारतीय सिंधु समाज अनूपपुर द्वारा श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सिंधु भवन में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समाज के सभी सदस्यों व महिला बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया पूजा पाठ, राम धुन के बाद भंडारा हुआ समाज के अध्यक्ष तेजुमल भोजवानी भगवान दास केवलानी, डॉ अनिल ओटवानी रमेश लालवानी अशोक डाबरा पारस राम वादवानी श्याम केवलानी, गोविंद राम थावानी, प्रदीप चांदवानी सहित सभी सदस्य उपस्थित हुए।

### डीवीएम पब्लिक स्कूल में श्रीराम प्राकट्योत्सव का किया गया आयोजन

**अनूपपुर।** 22 जनवरी को डीवीएम पब्लिक स्कूल में श्रीराम प्राकटोत्सव का आयोजन हवन और भजन से किया गया। डीवीएम पब्लिक स्कूल अनूपपुर की क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुशीला कुलवंत ने शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों के साथ हवन किया इसके पश्चात भंडार का आयोजन किया गया। श्री राम जन्मभूमि के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया संगीत शिक्षक ऋषिराज सिंह के द्वारा भजन बुलाया गया। डीव्हीएम पब्लिक स्कूल अनूपपुर कुछ समय के लिए राममय हो गया।

### यातायात पुलिस ने संकल्प कॉलेज में आयोजित किया ट्रैफिक अवेयरनेस प्रोग्राम

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में यातायात प्रभारी निरीक्षक ज्योति दुबे द्वारा संकल्प ग्रुप आफ कॉलेज अनूपपुर में यातायात नियमों के प्रचार प्रसार हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को समझाइश दी गई कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट धारण करें यह आपकी सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही शॉर्ट मूवी एवं प्रेजेंटेशन के माध्यम से ट्रैफिक सिग्नल, रोड साइन, रोड मार्किंग, एक्सीडेंट के कारण, एवं बचाव हेतु सावधानी, राइट ऑफ वे, एमरजैंसी केयर, गुड समेरिटन योजना, के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को रोड पर पैदल चलते समय यह रोड क्रॉस करते समय क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया इत्यादि बिंदुओं पर बच्चों से चर्चा की गई। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्र एवं छात्राएं कॉलेज के प्रबंधक अंकित शुक्ला यातायात से आरक्षक योगेंद्र सिंह एवं गणेश यादव उपस्थित हुए।

---

मामला मलगा समिति में किये जा रहे हेरफेर का

# उपार्जन समाप्ति के दो दिन बाद अवैध तरीके से की जा रही थी धान की खरीदी

**अनूपपुर।** धान उपार्जन समाप्त हो जाने के दो दिन बाद मलगा समिति द्वारा 21 जनवरी को दो पिकअप धान लाकर जमा करने के प्रयास के दौरान जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सहित सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर 292 बोरी अवैध धान को जब्त करते हुए कार्यवाही की गई है। जहां पूरा खेल आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मलगा के प्रबंधक कामता प्रसाद तिवारी, केन्द्र प्रभारी संतोष जोशी सहित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता राधेश्याम केवट द्वारा मिलकर की गई। इतना ही नही 13 जनवरी को धान खरीदी केन्द्र मलगा के केन्द्र प्रभारी संतोष जोशी एवं सर्वेयर द्वारा मिलकर रमेश इंजीनियरिंग वेयर हाउस दारसागर से बेनीबारी समिति से आये अनलोड़ होने आए 805 धान की बोरियों से लदे ट्रक को बेच दिया गया था। जिसके बाद अधिकारियों को जानकारी लगते ही उक्त चोरी हुए धान को वापस बुलवाया गया, जहां खरीदी प्रभारी संतोष जोशी ने 805 बोरी धान को पिकअप के माध्यम से कई चक्करों में लाकर जमा करवाया गया है।





**अवैध खरीदी करते 292 बोरी धान जब्त, 9 दिन पहले एक ट्रक धान हुई थी चोरी**

### यह है मामला

जानकारी अनुसार रमेश इंजीनियरिंग वेयर हाउस दारसागर में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मलगा का खरीदी केन्द्र बनाया गया था, जहां केन्द्र प्रभारी संतोष जोशी द्वारा उपार्जन की अंतिम तिथि से पहले बिना धान खरीदी किये किसानो के नाम पर फर्जी इंट्री कर खरीदी चढ़ा दी गई और शॉर्टेज को पूरा करने धान उपार्जन समाप्त होने के दो दिन बाद 21 जनवरी को व्यापारियों से पिकअप क्रमांक जेएच 03एके 7573 से दो ट्रिप में धान खरीदी केन्द्र मलगा में उतारते हुए अवैध खरीदी की जा रही थी। जिसकी सूचना कलेक्टर आशीष वशिष्ठ सहित जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी डी.एस. परिहार को दी गई। जहां सूचना लगते ही कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सीमा सिन्हा, अभिषेक उपाध्याय सहित सहकारिता निरीक्षक अनुज ओहदार को मौके पर भेजा गया। जहां मौके पर 292 बारियों में धान वजन 118.26 क्विंटल मिला। जिसे पंचनामा बनाते हुए उक्त धान को जब्त करते हुए प्रकरण तैयार किया गया है। जिसे कलेक्टर न्यायालय में सौंपा जाएगा। लेकिन पूरे मामले में अब तक पिकअप वाहन जेएच 03 एके 7573 को जब्त नही किया गया है।

### शॉर्टेज पूरा करने लाई गई थी धान

पूरे मामले में मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने धान को जब्त करने की कार्यवाही की जा रही थी, उस दौरान संतोष जोशी मौके से फरार हो गया था, तथा शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता राधेष्याम केवट पिता बैजनाथ केवट निवासी आमाडांड एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर राजमणि केवट पिता राम निहोरे केवट निवासी पयारी नंबर 2 मौके पर मिले। जहां पूछताछ के दौरान बताया गया कि मलगा समिति में शॉर्टेज आ जाने के कारण संतोष जोशी द्वारा पिकअप वाहन जेएच 03 एके 7573 के माध्यम से दो बार में सफेद व पीली प्लास्टिक की बोरियों में धान लाया गया था और वेयर हाउस के बी ब्लॉक में पल्लेदारों के द्वारा धान का कांटा करवाकर सिलाई करवाई गई। पूरे मामले में समिति मलगा द्वारा धान उपार्जन नीति का उल्लंघन करने के साथ ही शासकीय योजनाओं जिसमें किसानो को दी जा रही समर्थन मूल्य का अवैध लाभ लेने के उद्देश्य से शासन के साथ धोखाधड़ी की गई है।

### 6 दिन पहले केन्द्र प्रभारी पद से हटाया गया था संतोष जोशी को

जानकारी के अनुसार 13 जनवरी को बेनीबारी समिति से 805 बोरियों को भरकर रमेश इंजीनियरिंग वेयर हाउस दारसागर पहुंची ट्रक क्रमांक सीजी 29 ए 4778 को केन्द्र प्रभारी संतोष जोशी, सर्वेयर मुकेश पटेल तथा ट्रक चालक टीकाराम सिंह ने मिलकर शासकीय धान की चोरी करने के मामले में सहकारिता विभाग के प्रशासक ने 16 जनवरी को केन्द्र प्रभारी के पद से संतोष जोशी को हटा दिया गया था, तथा 17 जनवरी को उचित मूल्य की दुकान आमांडाड़ के विक्रेता राधेश्याम को प्रभार दिया गया। जहां प्रभार मिलते ही विक्रेता राधेश्याम केवट द्वारा पूर्व खरीदी प्रभारी संतोष जोशी और कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ मिलकर किसानो के नाम से किए गये फर्जी इंट्री की धान को शॉर्टेज पूरा करने के लिए धान खरीदी समाप्त होने के दो दिन बाद पिकअप वाहन के माध्यम से धान लाकर खरीदी की जा रही थी।

### 9 दिन में लगातार दो बार अनियमितता, फिर भी नही हुए निलंबित

पूरे मामले में जहां रमेश इंजीनियरिंग वेयर हाउस दारसागर से एक ट्रक धान की चोरी के मामले में सहकारिता विभाग द्वारा दिखावे के लिए केन्द्र प्रभारी संतोष जोशी को बिना निलंबित किए सिर्फ प्रभारी से हटा दिया गया, अब सहकारिता विभाग के पास जवाब नही है कि केन्द्र प्रभारी मलगा के पद से हटाये जाने के बाद संतोष जोशी 21 जनवरी को किस व्यापारी की धान लाकर अवैध खरीदी करने में संलिप्त रहे। वहीं 9 दिन बाद धान की शॉर्टेज को पूरा मलगा समिति के प्रबंधक कामता प्रसाद तिवारी, उचित मूल्य की दुकान आमाडांड़ के विक्रेता राधेश्याम तिवारी एवं पूर्व केन्द्र प्रभारी संतोष जोशी की मिली भगत से धान उपार्जन बंद होने के 2 दिन बाद 21 जनवरी को 292 बोरी धान की अवैध खरीदी करते पाए जाने पर निलंबित नही किए जाने पर सहकारिता विभाग पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है।

### शातिराना अंदाज में किया गया एक ट्रक धान की चोरी

13 जनवरी को वेयर हाउस दारसागर पहुंची ट्रक क्रमांक सीजी 29 ए 4778 जिसमें बेनीबारी समिति का 805 बोरी धान को शातिराना अंदाज में संतोष जोशी द्वारा चोरी करवाया गया था। जहां रात लगभग 9.30 बजे नागरिक आपूर्ति के सर्वेयर मुकेश पटेल द्वारा धान को रिजेक्ट बताते हुए वेयर हाउस के गेट कीपर से ट्रक को बाहर करवाया गया और दारसागर से लगभग 5 किमी दूर ट्रक को खाली करवाते हुए रात 3.30 बजे उक्त ट्रक को वेयर हाउस के परिसर में खड़ा करा दिया गया। धान चोरी के मामले में ट्रक चालक टीकाराम सिंह को 10 हजार रुपए नगद दिये गये साथ ही वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे को कपड़ो से ढ़क दिया गया था। जिसकी सूचना अधिकारियों को लगते ही अगले दिन 14 जनवरी को उक्त 805 बोरी धान को वापस लाने के दवाब पर खरीदी प्रभारी संतोष जोषी द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 65 जीए 0759 से कई चक्करों में धान लाया गया। जिसमें 696 बोरी वजन 278.40 क्विंटल धान को लाया जा सका है, शेष 109 बोरी वजन 43.60 क्विंटल धान अब तक नही दिया गया। जिसका बकायदा पंचनामा तैयार करते हुए प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा गया है।

### इनका कहना है

वेयर हाउस दारसागर से एक ट्रक धान की चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज की जाएगी, साथ ही अगर खरीदी बंद होने के बाद भी अवैध तरीके से धान की खरीदी की जा रही है, तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

**आशीष वशिष्ठ, कलेक्टर**

---

राम दरबार में हुआ पूजा अर्चन, जिला प्रशासन का सराहनीय सहयोग

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**अनूपपुर।** 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की भव्य एवं दिव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में धूमधाम के साथ उत्सव मनाया गया। प्राण प्रतिष्ठा के दिन समूचे क्षेत्र में दीवाली जैसा उत्सव मनाया गया गांव गांव मंदिर मठ अयोध्या के रंग में डूबा दिखाई दिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू संगठनो समाजसेवी संस्थाओं द्वारा मुख्यालय में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री राम के जयकारे के साथ पूरा नगर राम मय हो गया।

### गायत्री मंदिर में विधि विधान से हुआ पूजा पाठ

गायत्री मंदिर में विधि विधान के साथ प्रभु श्री राम जी की पूजा अर्चना रामायण पाठ हवन आदि किया गया। गायत्री मंदिर प्रांगण में प्रोजेक्टर के माध्यम से अयोध्या में प्रभु श्री राम जी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा की जा रही प्राण प्रतिष्ठा का लाइव दिखाया गया।

### प्रशासन का सहयोग रहा सराहनीय

प्रशासनिक स्तर पर एसडीएम पुष्पराजगढ़ दीपक पांडे तहसीलदार अनुपम पांडे सीईओ संतोष बाजपेई पंचायत इंस्पेक्टर जागृत सिंह बीईओ भोग सिंह थाना प्रभारी प्रवीण साहू एसआई अनुराधा परस्ते पंचायत सचिव फूलचंद सिंह एवं कर्मचारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर अपना अपूर्ण सहयोग प्रदान किये।

### शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गायत्री मंदिर किरगी से मुख्य मार्ग बाजार होते हुए श्री राम जानकी मंदिर राजेंद्रग्राम तक प्रभु श्री राम माता जानकी लक्ष्मणजी हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाने की धुन पर युवा एवं बच्चे महिलाएं पुरुष भगवान श्री राम के जयकारे लग रहे थे। वही कोतमा से आए गायको द्वारा गाये गए गाने बजाओ ढोल और बाजे मेरे प्रभु श्री राम आए हैं जैसे गानों की धुन पर सभी नाच रहे थे। शोभा यात्रा में ऐसा विशाल जन समूह उमड़ा था जिसे देखते ही बनता था।

### लोगों में दीपावली जैसा उत्साह

श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में ऐसा उत्साह दिखा जैसे दीपोत्सव मना रहे हो बाजार में खरीददारी की गई तथा मेंकांचल में जगह-जगह भजन कीर्तन चौवीसा पाठ रामधुन भंडारे का आयोजन किया गया था। बाजारों में श्रीराम एवं हनुमान जी के प्रिंटेड झंडे मुख्य मार्ग एवं घरों में लगाए गए थे। पतंगी एवं झंडों से बाजार एवं मुख्य मार्ग को सजाया गया था। वहीं घरों में आकर्षण लाइटों एवं साज सज्जा के साथ सजाया गया शासकीय कार्यालयो को भी लाइटिंग एवं रंग रोगन कर सजाया गया था।

### श्री राम जानकी मंदिर में हुए विविध कार्यक्रम

श्री राम जानकी मंदिर दुर्गा माता मंदिर शिव मंदिर को रंग रोगन के साथ-साथ आकर्षक लाइटों एवं साज सज्जा के साथ सजाया गया था। तथा भजन कीर्तन चौवीसा पाठ का आयोजन किया गया था।शोभायात्रा के पश्चात गाडरवारा से आए 11 पंडितों द्वारा विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ पूजा कराई गई। यजमान सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा पूजा अर्चना की गई।

### विशाल भंडारे का आयोजन

राम दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था एवं ग्राम पंचायत द्वारा काउंटर लगाकर मिष्ठान वितरण किया गया साथ ही जगह जगह नगर के प्रतिष्ठित ब्यवसायियो द्वारा स्टाल लगाकर जल पैन की ब्यवस्था की गई जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों ने एवं राम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

---

नप जैतहरी में विधि-विधान के साथ हुई राम जी की प्राण-प्रतिष्ठा

# दीपावली जैसा उत्सव देखने को मिला, शहर पूरी तरह से राममय

**जैतहरी।** अयोध्या की भांति पूरे विधि-विधान से संतो एवं विद्वानों की उपस्थिति में नगर परिषद जैतहरी के प्रांगण में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। कार्यक्रम के पूर्व शोभा यात्रा पूरे शहर में भ्रमण करते हुए नगर परिषद प्रांगण में आई। शोभा यात्रा में मात्र एक ही नाम एक ही नारा गूंजा जय श्री राम, जय श्री राम। मंदिर में रामलला विराजमान होने की खुशी में पूरे शहर में दीपावली जैसा उत्सव देखने को मिला। शहर के मंदिरों से लेकर घरों में रामलला की धूम देखते ही बन रही थी। शोभायात्रा में भगवा वस्त्र पहनकर जय श्रीराम के जयकारे लगाते महिला, पुरुष, युवा चले रहे थे। वहीं हर चौक-चौराहे पर गूंजते भक्ति संगीत के साथ भोग, भंडारा बंट रहा था। शोभायात्रा, सुंदरकांड का पाठ, रामायण गान एवं संकीर्तन से पूरा वातावरण राममय हो गया था। शहर का शायद ऐसा कोई मोहल्ला नहीं जहां रामनाम की भक्ति संगीत से गुंजायमान न हो रहा हो। 22 जनवरी को देखा गया कि हर कोई इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित दिखा। भोर से लेकर देर रात्रि तक उत्सवों का क्रम चलता रहा। नगर के धर्म प्रेमियों ने दीपोत्सव सा माहौल निर्मित कर घर-घर में दीपक जलाकर, पटाखे फोड़ कर, मिठाईयां बाटकर लोगों ने मिलकर खुशियां साझा की। बाल हनुमान, राम-सीता, लक्ष्मण जी की जीवंत झाकियों के साथ ढोल-ताशे पर हजारों भक्त नृत्य करते चल रहे थे। रास्ते भर जगह-जगह स्टाल लगाकर भक्तों का फल-मिष्ठान से स्वागत सत्कार चलता रहा। इसमें महिलाएं, पुरुष व बच्चे सभी वर्ग ने पूरी तरह से सहभागिता निभाई। नगर परिषद जैतहरी में 20 जनवरी से तीन दिवसीय आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें 20 जनवरी को कलश प्रतिष्ठा, जलाधिवास, अन्नाधिवास एवं मंडप पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, 21 जनवरी देवस्नपन,फलाधिवास,मिष्ठान्नधिवास,शोभा यात्रा एवं शैयाधिवास का कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं 22 जनवरी को मंदिर शिखर पूजन, स्नान, प्राण-प्रतिष्ठा, हवन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।अनूपपुर शहर के विद्वान पंडित आलोक कुमार द्विवेदी अपनी टीम के साथ श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा में सहभागी बने। इस अवसर पर नगर परिषद के





अध्यक्ष उमंग गुप्ता,विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता,मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह आदि ने पूजा अर्चना की। नगर परिषद जैतहरी के अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने सभी नागरिकों एवं सभी भक्तजनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें काफी खुशी है कि नगर के सभी नागरिक एवं भक्तजन बढ़ चढ़कर उपस्थित रहकर श्री राम दरबार प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बने एवं पुण्य लाभ प्राप्त किया।

---

# 25 तक मजदूरी नहीं तो 26 को जनपद में लटकेगा ताला-फुन्देलाल

**विभिन्न मांगों को लेकर पुष्पराजगढ़ में कांग्रेस ने दिया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर।** पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के नेतृत्व में एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लीला टोला ने संयुक्त रूप से पुष्पराजगढ़ मुख्यालय में कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ताओं ने धरना, प्रदर्शन कर दो अलग-अलग ज्ञापन सौपे। एक ज्ञापन राष्ट्रपति महोदया एवं एक ज्ञापन मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम सौपा गया। ज्ञापन प्रमुख रूप से भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हुए हमले को लेकर एवं मजदूरों की मजदूरी एवं पुष्पराजगढ़ की सुविधाओं को लेकर अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ को दिया गया। इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि ज्ञापन में उल्लेखित मांगों पर त्वरित ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मजदूरों की मजदूरी का भुगतान यदि 25 जनवरी तक नहीं हुआ तो 26 जनवरी को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में ताला लगा दिया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व मे 14 जनवरी 2024 से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ किया गया था और यह यात्रा जब असम राज्य के लखीमपुर में पहुंची तो इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पोस्टर-बैनर फाड़े और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। ये कायराना और शर्मनाक हरकत दिखाती है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे प्यार और जनसमर्थन से भाजपा सरकार घबरा गई है, डर गई है। इस तरह से हमला करना भारतीय लोकतंत्र के तहत बिल्कुल गलत है। भाजपा असम में अपने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के माध्यम से लोकतंत्र की हत्या कर रही है। जिसका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस निंदा करती है। कांग्रेस ने राष्ट्रपति



महोदया से बिगड़ते लोकतंत्र व्यवस्था के खिलाफ उचित कार्यवाही हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया है। दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ के माध्यम से दिया गया। जिसमें मजदूरी भुगतान एवं पुष्पराजगढ़ की मूल-भूल सुविधाओं के संबंध में ध्यान आकृष्ट किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लीला टोला पुष्पराजगढ़ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के 119 ग्राम पंचायतो एवं अन्य विभागों द्वारा कराये गये निर्माण कार्यो में लगे मजदूरों की मजदूरी भुगतान लगभग 10 (दस करोड) रुपए का भुगतान 5-6 माह से भुगतान किया जाना शेष है भुगतान किये जाने का ज्ञापन दिनांक 19/01/2024 को देकर प्रशासन से मांग किया गया था कि त्वरित दिनांक 22/01/2024 तक कराने का अनुरोध किया गया था परंतु 23_01/2024 तक भी नहीं किया गया है। मजदूर परेशान है भुगतान अतिशीघ्र कराया जाय। ग्राम पंचायत चिल्हियामार मार्ग की समस्या के बारे में उच्च अधिकारियों से सतत सम्पर्क व निवेदन के बाद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।एक व्यक्ति शासकीय मार्ग को अवरूद्ध किया हुआ है त्वरित हल कराया जाय।विद्युत विहीन ग्राम मजराटोला में तत्काल विद्युतीकरण कराया जाय।पुष्पराजगढ़ क्षेत्र अंतर्गत पहुच विहीन ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाय।जनजातीय बहूल्य क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में सतही जल निरंतर घट रहा है समूल जल प्रदाय योजना के माध्यम से शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराया जाय।वाटर शेड के मिशन के द्वारा कराया गया निर्माण कार्यो में लगे मजदूरों, वाहनों का भुगतान कराया जाय।बैंगा आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र पारंभ कराया जाय। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश से ज्ञापन में उल्लेखित समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कर त्वरित निदान किये जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को,जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह,जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पांडे के साथ ही सुखराम सिंह मरावी ब्लॉक अध्यक्ष लीला टोला,आशुतोष सिंह मार्को, माखनलाल सिंह,पोसलाल सिंह, संतलाल सिंह, ललन यादव, आनंद कुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।